तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार, 15 जनवरी 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

13 लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने निकाली जा...



14 चोर गिरफ्तार, जेवर-नकदी सहित एक लाख का...



## खबर संक्षेप



### बेमेतरा के सर्वश्रेष्ठ स्काउट रोवर विजय राज्यपाल के हाथों सम्मानित

**बेमेतरा।** विगत गुरुवार को राजभवन में आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ स्काउट और गाईड कैडेटों के साथ ही सर्वश्रेष्ठ रोवर और रेंजर को पुरस्कार से सम्मानित किया। इन सभी विजेताओं को प्रमाण-पत्र के साथ दस-दस हजार रूपए की नकद राशि प्रदान की गई। समारोह में सर्वश्रेष्ठ स्काउट बेमेतरा के राजीव रोवर ओपन क्रूए रोवर विजय साहू, भद्रकाली ओपन ग्रुप आकृति वर्मा, गाइड विधि पांडे, रेवा राम साहू प्रभारी को भी सम्मानित किया गया। बृजमोहन अग्रवाल स्कूल शिक्षा मंत्री एवं पदेन अध्यक्ष भारत स्काउट एवं गाइड्स छत्तीसगढ़, राज्य कार्यकारिणी अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, राज्य मुख्य आयुक्त विनोद सेवन लाल चंद्राकर, स्कूल शिक्षा विभाग सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, राज्य सचिव कैलाश सोनी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### परपोड़ी थाने में हुई कोटवारों की बैठक



**बेमेतरा।** थाना परपोडी प्रभारी निरीक्षक मुकेश यादव ने थानातंर्गत के ग्राम कोटवारों की बैठक शुक्रवार को ली। उन्होंने कोटवारों को गांवो में बाहरी लोगों की आवाजाही, असामाजिक तत्वों व अवैध कारोबारी में लिप्त लोगो एवं सोना - चांदी चमकाने के नाम पर ठगी करने वालों पर कड़ी नजर रखने कहा। अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने, जनता और पुलिस के बीच आपसी आपसी समन्वय बनाए रखने हेतु सभी कोटवारों को आवश्यक दिशा - निर्देश दिया। साथ ही कोटवारों को आपसी तालमेल व समन्वय स्थापित करने व बेहतर तरीके से सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने की बात कही गई। उक्त बैठक के दौरान थाना परपोड़ी स्टाफ व क्षेत्रांतर्गत के ग्राम कोटवार उपस्थित रहे।

### अंगना म शिक्षा 4.0 विषय पर हुई कार्यशाला



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला खैरझिटी कला में शनिवार को अंगना म 4.0 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया गया। मुख्य अतिथि राम स्नेही वर्मा प्राचार्य एवं रामकुमार वैष्णव प्रधान पाठक ने पूजा-अर्चना एवं वंदना कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि अच्छे से प्रशिक्षण लेकर विद्यालय पर हर महीने माताओं को जोड़कर कार्यक्रम को खेल-खेल में गतिविधियों को जोड़कर बच्चों की रूचि अनुसार माताओं को जोड़ा जाए। मास्टर ट्रेनर के रूप में नीता देवी बारले ने कार्यक्रम में भाग लिया। प्रशिक्षण के नोडल रोशन महेश्वरी ने जनवरी से अप्रैल माह के सभी एजेंड प्रशिक्षार्थी एवं बच्चों के साथ मिलकर कैसे कार्य किया जाए ताकि बच्चों को आसानी से गणित एवं भाषा शिक्षण को प्रभावी बनाया जा सकता है। प्रशिक्षण के अंतिम में शिक्षक दुर्गेश श्रीवास के द्वारा कार्यक्रम के प्रति आभार व्यक्त किया शेष पेज 12 पर

**आयोजन :** लोलेसरा में आयोजित संत कबीर समागम मेले में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री शर्मा और खाद्य मंत्री बघेल

# संत कबीर के बताए मार्ग पर चलने का प्रयास करें : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

उप मुख्य मंत्री विजय शर्मा एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल ज़िले के ग्राम लोलेसरा में चल रहे चार दिवसीय पंथ श्री हुजूर उग्रनाम साहेब स्मृति में कबीर पंथ के संत समागम मेला में शामिल हुए। दोनों मंत्रियों ने साहेब बंदगी की जयघोष के साथ कबीर पंथ गुरु प्रकाश साहेब नाम से आशीर्वाद प्राप्त किया और भव्य आयोजन के लिए पूरे आयोजन समिति और कबीर पंथ अनुयायियों को बधाई और शुभकामना दी। उपमुख्य मंत्री शर्मा और खाद्य मंत्री श्री बघेल ने प्रकाश मुनिनाम साहेब का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विधायक बेमेतरा दीपेश साहू और साजा विधायक ईश्वर साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

उपमुख्य मंत्री विजय शर्मा ने कबीर पंथियों को संबोधित करते हुए कहा कि कबीर के दिखाए रास्ते पर हम सबको चलने का प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में प्रेम एवं सद्भाव का वातावरण सदैव से रहा है। इस समागम मेले की ख्याति दूर-दूर तक है। जहां से बड़ी संख्या में कबीर साहब को मानने वाले अनुयायी हर साल आते हैं मेले में छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों के कबीर के अनुयायी बड़ी संख्या में पहुंचे हुए हैं। दामाखेड़ा में सालों साल मेला प्रारंभ होते ही हम पहुंच जाते थे। उन्होंने कहा कि 4 दिवसीय मेले में किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की कोई समस्या ना आए इसलिए हमने कलेक्टर व एसपी के साथ यहां की व्यवस्था देखी और मैंने सारे कार्य समय से पहले व्यवस्थित करने के निर्देश दे दिए थे। कबीर पंथ की ताकत है, कि जो चाहते हैं वो हो जाता है। केबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि बहुत बड़ी सौभाग्य की बात है कि ग्राम लोलेसरा में भव्य मेला का आयोजन हो रहा है और जिसमें हमारे गुरुदेव जी का हम सब आशीर्वाद ले रहे हैं और दर्शन का लाभ ले रहे हैं। ये हम सब के लिए बहुत बड़ी सौभाग्य और खुशी की बात है। संत संमागम मेला का यह 10वां साल है। यह मेला पंथ श्री हुजुर उग्रनाम साहेब के स्मृति में प्रारंभ हुआ था। इस मेला का शुभारंभ प्रकाशमुनि साहेब के नेतृत्व में हुआ। उन्ही की स्मृति मे हम प्रत्येक वर्ष संत समागम मेले का आयोजन करते हैं, इस मेले में लगभग 3 तीन लाख श्रद्धालु सम्मिलित हुए हैं। उन्होने मेला समिति की टीम / सदस्यों के सेवाभाव के लिए बधाई एवं शुभाकामनाएं दी साथ ही जिला प्रशासन की टीम को भी सहयोग के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा की छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरा भारत संत, महापुरूष, ऋषिमुनियों का देश हैं। संत कबीर ने अपनी वाणी के माध्यम से लोगों को सामाजिक समरसता का संदेश दिया। आज के समय में उनके विचार और अधिक प्रासंगिक है। वर्तमान समय में देश को संत कबीर की वाणी की जरूरत है। उन्होंने कहा किहमारी सरकार समाज के सभी वर्गों के उत्थान की दिशा में कार्य कर रही है। हम सबके प्रयासों से छत्तीसगढ़ को देश का खुशहाल एवं समृध्द छत्तीसगढ़ बनायेंगे।



### आज संत समागम का अंतिम दिन

कबीरपंथ के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। मालूम हो कि बेमेतरा के ग्राम लोलेसरा में चल रहे चार दिवसीय पंथ श्री हुजूर उग्रनाम साहेब स्मृति में कबीर पंथ के संत समागम मेला 12 जनवरी से शुरू हुआ कल 15 जनवरी को चलने वाले चार दिवसीय मेले का अंतिम दिन है। मेला स्थल पर सुरक्षा, स्वास्थ्य विभाग की जरुरी दवाइयां, पूछताछ और सहायता केंद्र के लिए अलग से पंडाल लगाए गए हैं। संत कबीर से संबंधित साहित्य के अलावा आधायत्मिक किताबों के भी स्टाल लगे हैं। कार्यक्रम में अन्य समाज के लोग भी सेवा दे रहे हैं।



### कबीर पंथ कोई धर्म या जाति नहीं, बल्कि सत्गुरु कबीर का एक मार्ग : प्रकाश मुनिनाम

संत समागम मेले में पंथ श्री प्रकाश मुनिनाम साहब ने भी कबीर के उपदेशों की महिमा बताई। कबीरपंथ के गुरू प्रकाश मुनिनाम साहेब ने कहा कि कबीर पंथ कोई धर्म या जाति नहीं, बल्कि सत्गुरु कबीर साहेब द्वारा दिखाया हुआ एक मार्ग है। इस मार्ग पर चलकर हर धर्म, जाति और मजहब का व्यक्ति अपने जीवन को सफल बना सकता है। उन्होंने अपने अनुयायियों को सदाचार और सत्य का मार्ग दिखाते हुए साहेब बंदगी अभिवादन का मूल स्वरूप एवं संदेश दिया। गुरू श्री प्रकाश मुनिनाम साहेब ने कहा कि कबीरपंथ के लोग जब भी अपनों से मिलते है तो उन्हे सच्ची भाव और सम्मान से साहेब बंदगी से अभिवादन किया जाता है। कबीरपंथ में मान्यता है कि हर व्यक्ति के अंदर ईश्वर और परमात्मा का वास है, उसी को सम्मान देते हुए साहेब बंदगी कहते है। उन्होंने कहा है कि कबीरपंथ ने सर्व मानव समाज को एक-दूसरे को जोड़ने का एक सदाचार और सत्य का मार्ग दिखाया है।

# मेले में बिछड़े 25 बच्चों को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कबीर पंथ के वृहद आयोजन लोलेसरा मेला में लगातार कई बच्चे मेले में परिवार से बिछुड़ गए, जिन्हें पुलिस ने को परिजनों से मिलाया।

■ सहायता केंद्र से मिल रही तत्काल मदद

मेले में अभी तक 25 बच्चों को परिजनों के सुपुर्द किया गया है। मेला स्थल में पुलिस सहायता केन्द्र एवं महिला सहायता केन्द्र होने से आमजनों को पुलिस का तत्काल सहयोग मिल रहा है।

दरअसल बेमेतरा पुलिस द्वारा ग्राम लोलेसरा में आयोजित चार दिवसीय संत समागम मेला स्थल में प्रदेश से ही नहीं, अन्य प्रदेशों से भी काफी तादाद में कबीर पंथ के अनुयायी शामिल होते हैं। मेला स्थल एवं ज्यादा भीड़-भाड़ वाले स्थानों में सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस बल तैनात है। इसके अलावा मेला समिति के सहयोग से सीसीटीवी लगाया गया है मेला प्रांगण एवं मेला बाजार स्थल में पुलिस सहायता केन्द्र एवं महिलाओं के लिए अलग से महिला सहायता केन्द्र बनाया गया है। ताकि आमजनों को सहयोग मिल सके। किसी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल पुलिस सहायता केन्द्र में शिकायत दर्ज करा सके। मेला स्थल में बनाए गए पुलिस सहायता केन्द्र एवं महिला सहायता केन्द्र में लगातार छोटे-छोटे कई बच्चो की गुम होने की शेष पेज 12 पर



### दो से 9 साल तक के थे बच्चे

गुम हुए बच्चों में 2 वर्ष से 9 वर्ष उम्र के शामिल थे। जिसमें ग्राम करचुवा जिला बेमेतरा, ग्राम बोडला जिला कबीरधाम, नवागांव थाना दाढी, ग्राम केवाछी चौकी खण्डसरा, कंतेली बेमेतरा, ग्राम जिया जिला बेमेतरा, ग्राम हरदी थाना नवागढ़, ग्राम कंतेली बेमेतरा, ग्राम तालपुर थाना सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम, ग्राम नवागांव थाना खम्हारिया, ग्राम बाबा मोहतरा थाना व जिला बेमेतरा, ग्राम तेंदो थाना साजा जिला बेमेतरा, ग्राम कोसमंदा थाना पिपरिया, ग्राम कारेसरा थाना बेमेतरा,ग्राम ताला बेमेतरा, ग्राम बालसमुंद, बिलाई थाना व जिला बेमेतरा एवं अन्य बच्चो को मेले में खोजबीन कर एवं सीसीटीवी कैमरे के मदद से पतासाजी कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।



### 208 पौवा अवैध शराब बरामद कारोबारी गिरफ्तार

**बेमेतरा।** सायबर सेल एवं थाना नांदघाट, चौकी कंडरका पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आबकारी एक्ट के दो प्रकरण में एक आरोपी के कब्जे से 208 पौवा अवैध शराब जब्त किया है। साथ ही अवैध कार्य करने वाले कारोबारियों को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस के अनुसार शनिवार को थाना नांदघाट में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री हेतु परिवहन करने का प्रकरण दर्ज कर आरोपी मनीष टंडन पिता लखन लाल टंडन उम्र 26 साल निवासी लिमतरा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई किया गया है। आरोपी के पास 70 पौवा अवैध शराब कीमत 7,550 रुपए एवं मोटर शेष पेज 12 पर

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर महाविद्यालय में लगा मतदाता जागरूकता विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा स्थानीय शासकीय पं जवाहर लाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोबिया बेमेतरा में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान नये मतदाताओं के पंजीयन के साथ ही ईव्हीएम व वीवीपैड का प्रदर्शन किया गया। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने स्टॉल का अवलोकन किया। मतदाता पंजीयन आदि की जानकारी ली।

उल्लेखनीय है कि 01 जनवरी 2024 की स्थिति में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 06 जनवरी 2024 से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, काटने एवं संशोधन का कार्य जारी है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशन में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी 2024 को शासकीय पं. जवाहर लाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोबिया बेमेतरा में विशेष शिविर आयोजित कर नये एवं युवा मतदाताओं को पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी गई तथा 35 नए मतदाताओं का फार्म.06 के माध्यम से पंजीयन किया गया। इस अवसर पर नये एवं युवा मतदाताओं के समक्ष ईव्हीएमए वीवीपैट का प्रदर्शन कर जानकारी दी गई।

शिविर स्थल पर बनाये गये सेल्फी जोन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा सहित पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता सीईओ ज़िला पंचायत, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे ने फोटो खिंचायी। शिविर में बीएलओ, अभिहित अधिकारी सहित निर्वाचन पर्यवेक्षक संतोष कुमार नामेदव डाटा एंट्री आपरेटर लवकुश चंद्राकर, प्रीति बारिक सहायक ग्रेड.03 धनेश लहरे, जयप्रकाश साहू, नारद मधुकर, चेतन लसेल, राजकुमार साहू, राजेज पात्रे, चंदन साहू तथा जिला निर्वाचन कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



### कलेक्टर ने किया शिविर का अवलोकन

विकासखंड में किया गया चार दिवसीय आयुष्मान महाअभियान का आयोजन

# बेमेतरा में घर-घर जाकर बनाए गए 22 हजार आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत 50 हजार से 5 लाख तक निःशुल्क उपचार सुविधा दिलाने के लिए जिले के समस्त पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। शत-प्रतिशत बनाये जाने के प्रथम चरण में विकासखंड बेमेतरा में सुरुचि सिंग (आईएएस), अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेमेतरा के नेतृत्व में 9 से 12 जनवरी तक "आयुष्मान महाअभियान" चलाया गया। इसके तहत विकासखंड बेमेतरा में इन 4 दिनों में 22 हजार आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस प्रकार विकासखंड में 88 प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका हैं।

एसडीएम सुरुचि सिंग ने बताया कि कलेक्टर श्री शर्मा के निर्देशानुसार इस महाअभियान में शिक्षा विभाग के शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा स्कुलों में स्कुली बच्चों का व पंचायत विभाग के सचिव, रोजगार सहायक व बैंक सखी, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारीयों, मितानिनो, नगर निगम के कर्मचारियों व महिला एवं बाल विकास के आंगनबाड़ी कार्यकताओं द्वारा संयुक्त रुप से टीम बनाकर ग्रामों व नगरीय निकायों में डोर टू डोर जाकर कार्ड बनाया गया व इस महाअभियान में अधिक से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बने इस हेतु लगातार अधिकारियों/कर्मचारियों की मिटिंग व ट्रेनिंग कराया गया तथा आयुष्मान कार्ड बनाने लगभग 800 लॉगिन आईडी बनाया गया व प्रतिदिन हर घंटे कार्ड बनने की प्रगति की समीक्षा की गई। आगामी सप्ताहों में विकासखंड बेमेतरा में 95 प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने का प्रयास किया जायेगा जिसके अंतर्गत विशेष फोकस स्कूलों में स्कूली बच्चों व नगरीय निकायों की जनसंख्या पर होगा। एसडीएम ने बताया कि शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने में वर्तमान में कुछ दिक्कते हैं जैसे डाटा डुप्लिकेसी, कुछ लोगों का आधार कार्ड में मोबाइल लिंक व अपडेट ना होना, पलायन इत्यादि। विकासखंड बेमेतरा में चलाये गए 4 दिवसीय "आयुष्मान महाअभियान" में विभागीय समन्वय हेतु राजस्व विभाग से पीएनबंजारे तहसीलदार, स्वास्थ्य विभाग से डॉ जीएलटंडन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,मनोज कुमार साहू जिला कार्यक्रम समन्वयक (आयुष्मान भारत), पंचायत विभाग से पीएल ध्रुव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, भरत बंजारे अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी , नगर पालिका से भूपेन्द्र उपाध्याय, शेष पेज 12 पर



### श्री राम लाल प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर साजा में होंगे विविध कार्यक्रम

**साजा।** अयोध्या में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर स्थानीय प्राचीन राम मंदिर साजा में 22 जनवरी को दीप यज्ञ सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानिक आयोजन किया जा रहा है। माहेश्वरी पंचायत साजा के अध्यक्ष रमेश कुमार राठी ने कहा है कि देश में देश में इस समय श्रद्धा और आस्था का वातावरण बना हुआ है। ऐसे महत्वपूर्ण अवसर पर राष्ट्रीय चेतना जागृत करने के लिए देश और विश्व भर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचना अति आवश्यक शेष पेज 12 पर

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### शोकसभा और पुस्तक विमोचन का कार्यक्रम आज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध इतिहासकार व पुरातत्वविद डॉ. हेमू यदु का 5 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया। वे एंटी करप्शन ब्यूरो से सेवानिवृत्त हो गए थे। शोकसभा व पुस्तक विमोचन का कार्यक्रम 15 जनवरी को दोपहर 12 बजे रखा गया है। उनकी अंतिम कृति ओम लिपि की रहस्यमय ख़ोज गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में है, इस पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि छग उच्च न्यायालय बिलासपुर के सीबी बाजपेई पूर्व न्यायमूर्ति एवं हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति के हाथों से किया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख साहित्यकार, सामाजिक व शासन प्रशासन के उच्चाधिकारी बतौर अतिथि उपस्थित होंगे।

### वित्त मंत्री चौधरी ने कैलेंडर का किया विमोचन



**रायपुर।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शनिवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषालयीन शासकीय कर्मचारी संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। इसी दौरान संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सिंह ठाकुर और प्रांतीय महामंत्री दीपक देवांगन ने बताया कि कैलेंडर में समस्त जिला कोषालयों के अधिकारी, संभागीय संयुक्त संचालक एवं वित्त विभाग के आवश्यक दूरभाष नंबर अंकित हैं, जो कि आमजन के लिए उपयोगी हैं। विमोचन के अवसर पर रामाधार साहू, विरेंद्र सिंह राठौर, अफरोज खान, रिंकू तिवारी आदि शामिल थे।

### पाप का मूल कारण लोभ : आचार्य चौबे



**रायपुर।** बोरियाखुर्द मोतीनगर में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण में आचार्य पं. नंदकुमार चौबे ने कहा, इस असार-संसार में कोई भी वस्तु सार नहीं है, यहां तो केवल विषय वासना ही दिखाई पड़ती है, जैसे काम, क्रोध, लोभ, मद, मोह, दंभ, पाखंड आदि विकारों ने हमारे मन मस्तिष्क को धूमिल कर दिया है। लोभ पाप का मूल है, इसलिए व्यक्ति लोभ में आकर बड़े से बड़े पाप कर बैठता और उसका फल भी भोगता है।

### दिव्यांगजन किसी सहानभूति के मोहताज नहीं : बृजमोहन

**रायपुर ।** पर्यटन, शिक्षा एवं धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, दिव्यांगजन किसी सहानभूति के मोहताज नहीं हैं। वो सभी किसी न किसी विशेष प्रतिभा के धनी होते हैं। ऐसे में हमारा सामूहिक कर्तव्य है कि उनकी प्रतिभा को निखार कर सामने लाएं। शनिवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में रायपुर के ट्राइटन होटल में सीजी दिव्यांग प्रतिभा एवं रनवे प्रतियोगिता कार्यक्रम में दिव्यांगजनों ने भाषण, नृत्य, गायन, नाट्य एवं अन्य क्षेत्र में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। श्री अग्रवाल ने अलग-अलग कैटेगरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा, यह हमारा सामाजिक दायित्व है कि सामूहिक प्रयास के जरिए हम दिव्यांजनों की शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का ध्यान रखें और उनकी प्रतिभा को निखारने में मदद करें।

# रोज आधा दर्जन मरीजों का निशुल्क सीटी स्कैन, ज्यादातर मामले सिर से संबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

जिला अस्पताल में रोजाना आधा दर्जन मरीजों को निशुल्क सीटी स्कैन की सुविधा मिल रही है। ज्यादातर मामले सिर से संबंधित समस्या के हैं, जो इलाज के लिए ओपीडी तक पहुंचे हैं। अभी अस्पताल से संबंधित मरीजों की जांच की जा रही है, मगर आने वाले दिनों में अन्य स्वास्थ्य केंद्रों से रेफर मामलों की टेस्टिंग भी की जाएगी।

जिला अस्पताल पंडरी में एक जनवरी से सीटी स्कैन जांच की सुविधा शुरू की गई है। शुरुआती दिनों में यहां दो से तीन मरीजों का टेस्ट हो रहा था, मगर अब आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है और रोजाना आधा दर्जन मरीजों की जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक अभी उन्हीं मरीजों को जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा मिल रही है, जो अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा जांच के लिए भेजे जाते हैं। आने वाले दिनों में यहां उन मरीजों की जांच भी की जाएगी, जो दूसरे अस्पतालों अथवा स्वास्थ्य केंद्रों से यहां रेफर किए जाएंगे। इसके लिए वहां जांच के लिए न्यूनतम दर तय करने की प्रक्रिया जल्दी ही पूरी की जाएगी। चिकित्सकों के मुताबिक अभी सीटी स्कैन के ज्यादातर मामले सिर की समस्या से संबंधित हैं। उन्हें किसी तरह की चोट पहुंची है अथवा हाई ब्लड प्रेशर अथवा अन्य वजह से उन्हें सिर में दर्द या अन्य तरह की शारीरिक परेशानी है। उपचार की सुविधा शुरू होने के बाद जिला अस्पताल के मरीजों को अब आंबेडकर अस्पताल अथवा निजी संस्थानों में जाकर जांच कराने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है।

## एक जनवरी से जिला अस्पताल में हो रही जांच

### रिपोर्ट जल्द तो इलाज शुरू

जानकारी के मुताबिक जिला अस्पताल में ही जांच होने की वजह से मरीजों को उसकी रिपोर्ट तीन से चार घंटे में मिल जा रही है। सुविधा शुरू नहीं होने की वजह से मरीजों को इसके लिए एक दिन से सप्ताहभर तक इंतजार करना पड़ता था। जल्दी रिपोर्ट मिलने की वजह से मरीजों का इलाज भी जल्दी ही शुरू कर दिया जाता है।




### जरूरत एमआरआई की

राजधानी रायपुर से संबंधित जिला अस्पताल में मरीजों को उपचार सुविधा को ध्यान में रखते हुए एमआरआई की सुविधा भी दिए जाने की आवश्यकता है। एमआरआई के जरूरतमंद मरीजों की संख्या भी बहुत है, जिसकी सुविधा शासकीय स्तर पर आंबेडकर अस्पताल और एम्स में जहां मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ता है।

### लाभ मिल रहा

सीटी स्कैन का लाभ मरीजों को नियमित रूप से मिल रहा है। इसके माध्यम से चिकित्सकों को उपचार में भी मदद मिल रही है।

- *डॉ. एसके भंडारी, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल*

## पर्यटन विभाग से लीज पर मिले रिसोर्ट में एजेंसी तैयार कर रही नई सुविधाएं

# फैसिलिटी के अभाव में बंद हुए रिसोर्ट अब यहां स्वीमिंग पूल और गेम जोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लंबे समय से बंद पड़े 15 रिसोर्ट का संचालन जल्द शुरू होगा। सभी रिसोर्ट 5 से 10 साल पुराने हैं। पर्यटन विभाग ने पहले इन रिसोर्ट को तैयार करने पर करोड़ों रुपए खर्च किए, लेकिन पर्यटकों को यहां आवश्यक फैसिलिटी नहीं दी। इस वजह से पर्यटकों ने भी यहां आना-जाना बंद कर दिया।

- लीज में दिए गए रिसोर्ट में बढ़ाई जाएंगी सुविधाएं, मानसून में फूड फेस्टिवल का भी आयोजन

अब विभाग ने ऐसे रिसोर्ट को 30 साल के लिए लीज पर दिया है। यहां पर्यटकों को बार, स्वीमिंग पूल, स्पोर्ट्स व गेम जोन के साथ मिनी थिएटर की सुविधाएं दिए जाने की तैयारी है। माना तूता में पुराने रिसोर्ट को नया रूप दिया जा रहा है। यहां बच्चों और बड़ों के लिए भी स्वीमिंग पूल की सुविधा दी जाएगी। विभाग ने रिसोर्ट का संचालन शुरू करने डेढ़ साल की मोहलत थी। वर्तमान में 2 से 3 जगहों पर रिसोर्ट शुरू हो गया है। चार से पांच महीने के भीतर लीज में दिए छत्तीसगढ़ के 13 जिलों में रिसोर्ट की सुविधा बढ़ जाएगी। एजेंसी फैसिलिटी बढ़ाने में जुटी हुई है।

## मिनी थिएटर की मिलेगी सुविधा



### मोटल एवं रिसोर्ट का कायाकल्प

पर्यटन विभाग ने 30 साल के लिए एजेंसी को रिसोर्ट और मोटल छूट के साथ लीज पर दिए हैं, ताकि अपने अनुसार रिसोर्ट को नया रूप दिया जा सके। रायपुर में माना तूता जो 5 साल से अधिक समय से रिसोर्ट बंद पड़ा है। इसे फिर से संवारा जा रहा है। यहां ठहरने रिसोर्ट की सुविधा मिलेगी। खपरी में रिसोर्ट शुरू हो चुका है। इसी तरह रायगढ़, राजनांदगांव समेत अन्य 11 जगहों पर बंद रिसोर्ट को एजेंसी नया रूप दे रही है। मार्च के बाद प्रदेश में रिसोर्ट की संख्या 25 से अधिक हो जाएगी। आमदनी बढ़ाने यहां एजेंसी बार के साथ स्वीमिंग पूल, गेम जोन के साथ मिनी थिएटर जैसी फैसिलिटी देगी।

### 5 स्थानों पर बार की सुविधा

विभाग ने 5 जगहों पर बार की सुविधा दी है, इनमें चिल्फी घाटी, चित्रकोट, मैनपाट, जशपुर और बार नवापारा शामिल हैं। इन रिसोर्ट में सर्वाधिक पर्यटक पहुंचते हैं। इस वजह से भी विभाग ने इन जगहों पर मांग के अनुसार फैसिलिटी बढ़ाई है। इससे पर्यटन विभाग की कमाई में वृद्धि होगी।


# तेलीबांधा में बन रही स्मार्ट पार्किंग, स्लॉट वाइज एडवांस बुकिंग की रहेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के तेलीबांधा तालाब के पास शहरवासियों की सुविधा के लिए 1800 वर्गफीट जगह पर स्मार्ट पार्किंग बनाई जा रही है। रायपुर स्मार्ट लिमिटेड ने पीपीपी मोड पर इस प्रोजेक्ट के लिए बिलासपुर की कीस्टोन इंफ्राबिल्ड कंपनी को अनुबंधित किया है। दो चरणों में स्मार्ट पार्किंग का काम पूरा होगा। 90 कार की पार्किंग यहां की जा सकेगी। सबसे खास बात ये है कि इसे स्वचालित पार्किंग की सुविधा से जोड़ा जाएगा। मरीन ड्राइव इलाके में पार्किंग की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। तेलीबांधा तालाब के पास 1800 वर्गफीट खाली जमीन पर हाईटेक स्मार्ट पार्किंग बनाई जा रही है।

- रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने बिलासपुर कीस्टोन इंफ्राबिल्ड को दिया ठेका
- दो फेस में प्रोजेक्ट, पीपीपी मोड पर काम

बिलासपुर की एजेंसी ने वर्कआर्डर के बाद अपना काम शुरू कर दिया है। नगर निगम को इस कार्य में फूटी कौड़ी खर्च नहीं करना पड़ेगा, बल्कि हर साल 16 लाख 65 हजार रुपए अनुबंधित कंपनी स्मार्ट पार्किंग के एवज में जमीन का किराया उसे देगी।



### 20 साल के लिए ठेका

तेलीबांधा में स्मार्ट पार्किंग विकसित करने वाली कंपनी 20 साल तक स्मार्ट पार्किंग चलाएगी। शुरुआत में 10 साल के लिए पार्किंग संचालन करने का काम दिया जा रहा है। कार्य संतोषप्रद पाए जाने पर अनुबंध की अवधि आगे और 10 साल के लिए बढ़ाई जा सकेगी। इस पार्किंग के शुरू होने से तेलीबांधा सहित आसपास कालोनी के रहवासियों को ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। वहीं रिक्रियेशन जोन परिसर के ग्राहकों तक सीधी पहुंच होगी।

### स्लॉट वाइज बुकिंग, ईवी चार्जिंग की सुविधा

महानगरों की तर्ज पर प्रदेश में पहली बार ईवी चार्जिंग क्षमता के साथ स्वचालित पार्किंग सुविधा से इसे जोड़ा जाएगा। इसमें मेनुवल की जगह स्वचालित कार पहचान प्रणाली का उपयोग होगा। इसमें लोग एक क्लिक पर पहले से अपनी गाड़ियों की स्लॉट वाइज बुकिंग कर पाएंगे। एक तरह से एक कैशलेस पार्किंग और फास्टेग पार्किंग का रूप लेगा।

**स्वर्णिम युगल दंपति सम्मान समारोह आज :** रायपुर। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायपुर द्वारा आगामी 15 जनवरी को स्वर्णिम युगल दंपत्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में होगा। इस संबंध में समाज के अध्यक्ष पं. अरुण शुक्ल, पं. सुरेश मिश्र एवं संयोजक पं. प्रकाश अवस्थी ने बताया कि ऐसे कान्यकुब्ज ब्राह्मण सदस्य, जिनके वैवाहिक जीवन को 50 साल हो चुके हैं, उनका सम्मान किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जगदलपुर, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, भाटापारा, बलौदाबाजार, भिलाई-दुर्ग, रायगढ़ एवं रायपुर से युगल दंपत्ति परिवार सहित आ रहे हैं।

# कंपनी का डेटा हैक कर ग्राहकों से लाखों की ठगी का नया पैटर्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आमानाका थाने में एक आनलाइन ब्यूटी प्रोडक्ट कंपनी ने अज्ञात के खिलाफ उनके ग्राहकों का डेटा हैक कर लाखों रुपए की ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। किसी कंपनी के ग्राहकों का डेटा हैक कर ठगी करने का यह पहला मामला तथा ठगी का नया पैटर्न है। पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

- ग्राहकों की शिकायत के बाद ब्यूटी प्रोडक्ट कंपनी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई

पुलिस के मुताबिक नंदनवन स्थित ऑनलाइन आयुर्वेदिक ब्यूटी प्रोडक्ट रस कंपनी के परविंदर सिंह ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। परविंदर ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात जालसाज उनके छत्तीसगढ़ स्थित ब्रांच में ग्राहकों के डेटा हैक कर कस्टमर को लिंक भेजकर पैसा मंगाकर ठगी का शिकार बना रहे हैं। इसके साथ ही ग्राहकों को कई तरह की छूट मिलने की बात कहकर एडवांस में पैसा जमा कराकर ठगी कर रहे हैं।

### ठगी का खुलासा ऐसे हुआ

परविंदर ने पुलिस को बताया है कि जालसाजों द्वारा उन्हें ठगी करने की जानकारी अपने ग्राहकों से मिली। पैसा देने के बाद भी प्रोडक्ट की आपूर्ति नहीं होने पर ग्राहक कंपनी को कॉल कर शिकायत करने लगे। इसके बाद कंपनी ने ग्राहकों के स्टेटस चेक किया, तो उनके द्वारा भेजी गई रकम कंपनी के अकाउंट में जमा नहीं होना पाया, तब ग्राहकों ने कंपनी को जिस लिंक से पैसा ट्रांसफर किए थे, उसे भेजा तब कंपनी को अपने ग्राहकों की डेटा चोरी होने की जानकारी मिली।



### डेटा चोरी कर बेचने की आशंका

कंपनी के साथ पुलिस को आशंका है कि कंपनी के किसी कर्मचारी ने किसी हैकर्स से संपर्क कर कंपनी से जुड़े ग्राहकों का डेटा चोरी कर दिया होगा। इसके साथ ही कंपनी के लिंक की जानकारी दी होगी। इसी बात का फायदा उठाकर जालसाज कंपनी के ग्राहकों से संपर्क कर उन्हें ठगी का शिकार बना रहे होंगे।

# जंगल सफारी में चौसिंगा की किस्तों में मौत, साथ में काले हिरणों की मौत की बात सामने आ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

जंगल सफारी में 17 चौसिंगा की मौत मामले की वन्यजीव प्रेमी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा वनमंत्री केदार कश्यप से उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है, जंगल सफारी में चौसिंगा की अज्ञात बीमारी से मौत की घटना को हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित की थी। इसके बाद विभागीय अफसर हरकत में आए। घटना की जानकारी मिलने पर वन्यजीव प्रेमी भी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कराने सक्रिय हो गए हैं। जांच प्रभावित न हो, इसके लिए पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ को अवकाश में भेजने के साथ डॉक्टर के निलंबन की मांग की है।

वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने आरोप लगाया है कि 25 नवंबर को पांच चौसिंगा की मौत के बाद सफारी के सीनियर डॉक्टर तथा सहायक संचालक ने सफारी के डायरेक्टर को घटना की जानकारी नहीं दी। साथ ही वन्यजीव प्रेमी ने डॉक्टर तथा सह संचालक पर मामले को रफा दफा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।


जांच के लिए सेंट्रल जू अथॉरिटी की टीम आएगी

चौसिंगा की मौत के मामले में डायरेक्टर ने डॉक्टर को भेजा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जंगल सफारी में 17 चौसिंगा की मौत मामले में हरिभूमि द्वारा प्रकाशित खबर का बड़ा असर हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मामले की जांच के लिए सेंट्रल जू अथॉरिटी (सीजेडए) की टीम रायपुर आएगी। इसके साथ ही जंगल सफारी के डायरेक्टर हेमंत पाहरे ने मामले में गंभीर लापरवाही बरतने वाले डॉ. राकेश वर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सफारी के अफसरों के मुताबिक मामले की पड़ताल करने के बाद जिम्मेदारी तय की जाएगी। उसके बाद लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। ▶▶शेष पेज 11 पर

सीडब्लूएलडब्लू ने मिट्टी की बैक्टीरिया से मौत की आशंका व्यक्त की, जहां नई मिट्टी डाली थी, उसे ग्रीन नेट से घेरा

चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन पहुंचे जांच करने

जहां नई मिट्टी उस एरिया को ग्रीन नेट से घेरा

नोटिस में यह जवाब मांगा

### वन्यजीव की मौत के बाद सैर पर जाने का आरोप

वन्यजीव प्रेमी के मुताबिक 25 नवंबर को चौसिंगा की मौत होने के बाद 26 नवंबर को संबंधित डॉक्टर गोवा की सैर करने के लिए चले गए। डॉक्टर के अवकाश की अर्जी सफारी के डायरेक्टर ने अस्वीकृत कर दी थी। बावजूद इसके डॉक्टर पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ से आवेदन स्वीकृत कराकर अवकाश पर चले गए। डॉक्टर ने इसकी जानकारी सफारी के डायरेक्टर तक को नहीं दी, जबकि अवकाश स्वीकृत होने के बाद डॉक्टर को डायरेक्टर को जानकारी देनी थी।

### पांच काले हिरण, तीन नीलगाय की मौत

वन्यजीव प्रेमी के मुताबिक सफारी में चौसिंगा की मौत किस्तों में हुई है। इसी दौरान पांच काले हिरणों की मौत के साथ तीन नील गाय की मौत होने की बात वन्यजीव प्रेमी कह रहे हैं। वन्यजीव प्रेमी ने आरोप लगाया है कि पांच चौसिंगा की मौत के बाद केवल दो का पोस्टमार्टम किया गया है। शेष तीन को जला दिया गया है। गौरतलब है कि चौसिंगा शेड्यूल-1 प्रजाति का वन्यजीव है, इसलिए जितने भी चौसिंगा की मौत हुई है, उन सभी का पोस्टमार्टम कर सफारी के डायरेक्टर को 24 घंटे के भीतर पीएम रिपोर्ट की जानकारी देना अनिवार्य है। डॉक्टर पर आरोप लग रहे हैं कि घटना के बाद से लेकर अब तक डायरेक्टर को पीएम रिपोर्ट नहीं सौंपी गई है।

# एक करोड़ दीपक से जगमग होंगे गायत्री परिजनों के घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार के निर्देश पर गायत्री परिवार घर-घर दीप जलाकर भगवान रामचंद्र के मंदिर स्थापना उत्सव को उत्साह के साथ मनाएगा। इस मौके पर 1 करोड़ दीपक से गायत्री परिजनों का घर दमकेगा। प्रदेश स्तर पर इस आयोजन को भव्य रूप देने की तैयारी है। इसी संबंध में जोन समन्वयक और गायत्री शक्तिपीठ समता कालोनी रायपुर के ट्रस्ट पदाधिकारियों की बैठक हुई।

भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर दीप महोत्सव का आयोजन राजधानी सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में किया जाएगा। इस आयोजन के अंतर्गत गायत्री परिवार के परिजन अपने घरों में दीप प्रज्वलित कर खुशियां मनाएंगे। इसके लिए 5,11,21, 51और 101 दीप प्रज्वलित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही प्रदेश भर के सभी गायत्री शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ में सुबह से ही यज्ञ हवन और संस्कार कराए जाएंगे । दोपहर के समय भजन कीर्तन और शाम के समय दीप यज्ञ किया जाएगा।



बैठक में गायत्री परिवार की छत्तीसगढ़ इकाई की जोन समन्वयक आदर्श वर्मा, शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस, ट्रस्टी सचिव सदाशिव हथमल, ट्रस्टी हनुमान प्रसाद अग्रवाल, दीनानाथ शर्मा, शैलेश वर्मा सहित गायत्री परिवार के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष...

### मेले में बिछड़े...

सूचना उनके परिजनों के द्वारा दिये जाने पर पुलिस सहायता केन्द्र एवं महिला सहायता केन्द्र के स्टाफ द्वारा मेले में खोजबीन कर एवं सीसीटीवी कैमरे के मदद से अब तक करीबन 25 बच्चों को उनके परिजनों से मिलाया। बच्चों के परिजनों ने अपने बच्चों को अपने पास पाकर बहुत खुश हुए और खुशी जाहिर करते हुए बेमेतरा एसपी एवं बेमेतरा पुलिस का हृदय से अभार व्यक्त किया है।

### 208 पौवा अवैध...

सायकल को जब्त किया गया हैं। उक्त कार्रवाई में थाना नांदघाट प्रभारी उप निरीक्षक अलील चंद, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सउनि रघुवीर सिंह, प्रधान आरक्षक रामेश्वर मांडले, दुर्गेश तिवारी, आरक्षक नुरेश वर्मा, इंद्रजीत पांडेय, संजय पाटिल, रूपेन्द्र वर्मा, आकाश सिंह एवं अन्य स्टाफ की भूमिका रही। इसी क्रम में रविवार को पुलिस चौकी कंडरका थाना बेरला में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने वाले आरोपी गिरीश कुमार बघेल पिता स्वं किशुन लाल बघेल उम्र 44 साल निवासी पोड़ी थाना व जिला बालोद, वर्तमान पता- बंगला भाठा भिम्भौरी चौकी कंडरका थाना बेरला जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। 138 पौवा गोवा स्पेशल व्हीस्की अंग्रेजी शराब कीमत 16,560 रुपए को जब्त कर किया गया। कार्रवाई में सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, चौकी कंडरका प्रभारी सउनि कंवल नेताम, सउनि दिनेश चंद शर्मा, आरक्षक नुरेश वर्मा, इंद्रजीत पांडेय, संजय पाटिल, योगेश साहू, भावेशपुरी एवं अन्य स्टाफ की भूमिका रही। **12 चालकों से 55 सौ समन शुल्क वसूला-** विभिन्न थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा शनिवार को ही मोटर व्हीक्ल एक्ट के तहत यातायात बेमेतरा 5 चालान में 5 व्यक्ति, थाना नवागढ़ 1 चालान में 1 व्यक्ति, चौकी देवकर 3 चालान में 3 व्यक्ति, चौकी कंडरका 3 चालान में 3 व्यक्ति कुल 12 वाहन चालक के विरूद्ध चालानी कार्रवाई की गई। जिसमें यातायात के नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध 12 प्रकरण में कुल 5,500 रुपए समन शुल्क लिया गया।

**प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई-** माइनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई। थाना बेमेतरा 4 प्रकरण में 4 व्यक्ति, थाना नवागढ़ 4 प्रकरण में 4 व्यक्ति, थाना परपोड़ी 4 प्रकरण में 4 व्यक्ति,के खिलाफ धारा 151, 109, 107,116 (3), के तहत कुल 12 प्रकरण में 12 व्यक्तियो के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई।

### अंगना म शिक्षा...

गया। उन्होंने कहा कि बच्चों एवं माताओं समुदाय को जोड़कर कार्य करने पर निश्चित रूप से बच्चों की शिक्षण पर प्रभाव डालकर गुणवत्ता में सुधार कर भाषा एवं गणित की बुनियादी कौशल विकसित कर सकते हैं। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से संकुल समन्वयक आनंद ताम्रकार , प्रधान पाठक रामकुमार वैष्णव , घनश्याम भुवार्य, राजकुमारी वर्मा,अंजूम वर्मा , दुर्गेश श्रीवास, कुलेश्वर पटेल, तामेश्वर, डाकवर ,नीरा देवी बारले,आदि प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

### बेमेतरा में घर-घर...

रवि श्रीवास्तव राजस्व निरीक्षक, महिला एवं बाल विकास से बी पटेल जिला कार्यक्रम अधिकारी व सीडीपीओ लीना मंडावी और मनोरमा साहू का योगदान रहा।

**नजदीकी शासकीय अस्पतालों में जाकर बनवा सकते हैं आयुष्मान कार्ड-** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बताया कि जिला बेमेतरा में शत प्रतिशत परिवारों में आयुष्मान कार्ड है व 77 प्रतिशत जनसंख्या का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। बेमेतरा विकासखंड में चलाये गए "आयुष्मान महाअभियान" की तरह अन्य विकासखंडों में भी अभियान चला कर जिले में शत प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि जिनका भी आयुष्मान कार्ड नहीं बना है वह नजदीकी शासकीय चिकित्सालयों में जाकर आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं।

### श्री राम लाल प्राण प्रतिष्ठा...

है। इस श्रद्धा और आस्था के पवित्र वातावरण में माहेश्वरी पंचायत, माहेश्वरी महिला मंडल, माहेश्वरी युवा मंडल साजा के संयुक्त तत्वावधान में 22 जनवरी को दिन में 12 बजे अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में प्राचीन राम मंदिर साजा में विभिन्न आयोजनों सहित दीप महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। श्री राठी ने बताया कि इस दौरान 20, 21 एवं 22 जनवरी को तीन दिवसीय संगीतमय राम कथा का आयोजन भी दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक का रखा गया है। प्रवचनकर्ता विद्या दुबे संगीतमय राम कथा का प्रवचन राम मंदिर प्रांगण में करेंगे। श्री राठी ने क्षेत्र के लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

## खबर संक्षेप



### क्विज में गुलशन प्रथम

**डौंडीलोहारा।** शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला डौंडीलोहारा में विज्ञान एवं गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज में गुलशन निषाद कक्षा सातवीं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पवनकुमार आठवी द्वितीय तथा मयंक आठवी ने तृतीय स्थान अर्जित किया। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मीचंद सोनवानी ने किया। विजेताओं को नकद पुरस्कार लोकेश्वर निषाद द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर सातो धनकर, वंदना साहू तथा हरीश सिन्हा आईसी प्रभारी उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन लिखमी चंद सार्वा ने किया।

### रामचरितमानस ग्रंथ वितरण समारोह 17 को

**गुण्डरदेही।** 17 जनवरी को गुण्डरदेही में तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में राम चरित मानस ग्रंथ का वितरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे, अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह करेंगे। विशेष अतिथि वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद कांकेर लोकसभा मोहन मंडावी व अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ गोपाल वर्मा होंगे। सांसद प्रतिनिधि प्रमोद जैन ने बताया कि कार्यक्रम गुण्डरदेही नगर के जेएलएम इंग्लिश मीडियम स्कूल के मैदान में आयोजित किया जाएगा। सुबह 10 बजे छत्तीसगढ़ की ख्याति प्राप्त मानस मंडलियों द्वारा भजन गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। 12 बजे अतिथियों का आगमन होगा। श्री जैन ने बताया कि सांसद मोहन मंडावी द्वारा मानस ग्रंथ का 48 हजार प्रतियां अंचल में बांटी जा चुकी हैं और 51 हजार का लक्ष्य को पूरा करने 31 सौ प्रतियों का वितरण किया जाना है। उन्होंने बताया कि यह गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होने जा रहा है।

## निधन

### शिवनारायण साहू



**गुरूर।** गुरुर निवासी शिवनारायण साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में आज सुबह किया जाएगा। वे खिलावन साहू के पिता जी और प्रेस रिपोर्टर संदीप साहू के दादा जी थे।

**सम्मान :** श्री महावीर गौशाला एवं अनुसंधान केन्द्र में मनाया गया मकर संक्राति

# गौ रक्षक, गौ सेवक और समाज सेवकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

श्री महावीर गौशाला एवं अनुसंधान केन्द्र में मकर संक्राति उत्सव मनाया गया। गौ माता की पूजा अनुष्ठान के साथ गौ रक्षकों, गौ सेवकों, समाज सेवियों का सम्मान किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष समीर गुप्ता को उनकी टीम के साथ शपथ ग्रहण कराया गया।

नगर में संचालित श्री महावीर गौशाला एवं अनुसंधान केन्द्र में रविवार को मकर संक्राति उत्सव धूमधाम से मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि नगर के प्रतिष्ठित गौ सेवक व समाजसेवी शंकर लाल श्रीश्रीमाल थे, अध्यक्षता प्रतिष्ठित चिकित्सक एवं जैन श्री संघ प्रमुख डॉ प्रदीप जैन ने की। मदनलाल बाफना, दीपक उपाध्याय, मोहन भाई पटेल मंच पर अतिथि के रूप मे उपस्थित थे।

गौ सेवक नरेन्द्र जोशी, मानव जैन, आशीश यादव, आशु कौशिक, जीव यदु, अमित बिसाई, लक्की साहू, राकेश अलेन्द्र, चिकू कौशिक, परितोश साहू, को गौ रक्षक सम्मान प्रदान किया गया। अंकेश साहू, देवव्रत साहू, विष्णु यादव, गिरधर यादव, नमन यादव को गौ सेवक सम्मान प्रदान किया गया।





### सौभाग्य व समृद्धि की प्रतीक रही है गाय

वक्ताओं ने कहा कि गाय मात्र एक पशु नहीं है। इसे गौ माता के रूप में शास्त्रों में पूजा व स्थान दिया गया है। गौ माता की रक्षा के लिए प्राचीनकाल में कई बड़े युद्ध हुए हैं। आदिकाल से गाय सौभाग्य, समृद्धि की प्रतीक रही है। प्राचीनकाल में गौ माता को गौ धन के रूप मे माना जाता था। गौ माता एक पूरी चिकित्सालय है, जिसके गोबर गौमूत्र से कई बीमारियों का उपचार संभव है। कार्यक्रम को निवृतमान अध्यक्ष मुकेश जैन एवं नव नियुक्त अध्यक्ष समीर गुप्ता ने भी संबोधित किया।



समारोह में गौ शाला मे निःस्वार्थ भाव से गौ वंशों की चिकित्सा करने वाले उपसंचालक पशु डॉ डीके सिहारे, वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ टीडी देवांगन, डॉ पीएल साहू को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

वहीं, नव नियुक्त अध्यक्ष समीर गुप्ता, सचिव विनय सोनी, कोषाध्यक्ष आरएन चोपड़ा को शपथ ग्रहण कराया गया। निवृतमान अध्यक्ष मुकेश जैन का उनके उल्लेखनीय, सफल एवं उपलब्धियों से भरे कार्यकाल के लिए गौशाला परिवार व नगर के गौ सेवकों, गौ भक्तो व दानदाताओं ने स्मृति चिन्ह, श्रीफल देकर अभिनंदन कर सम्मानित किया गया।

इस दौरान गौ शाला परिवार में मुदेवा जैन, विमल, ज्ञानचंद सांखला, विमल श्रीश्रीरमाल, छोटे लाल चन्द्राकर, राज सोनी, संजीव सोनी, जगदीश पटेल, धीरज उपाध्याय, तरूण बड़तिया, संतोश, संतोश दुबे, साविन पटेल, मदन मोहन खटवा, विनोद जैन, मानस गोयल, उदे साहू, देवव्रत साहू, देवेन्द्र डोंगरी, जितेन्द्र सोनी, वसंत शर्मा, हरेसदास उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सचिव प्रतिवेदन विनय जोशी ने प्रस्तुत किया। इस दौरान गौमाता से जुड़े धार्मिक, अध्यात्मिक, चिकित्सकीय, प्रश्नों का उत्तर उपस्थित गौ भक्तों ने दिया। प्रश्नोत्तरी में बालोद के इतिहास से जुड़े प्रश्नो नें बच्चों को उलझाया, जिसका वरिष्ठजनों ने समाधान किया।

# लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा : वीरेंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्राम कांदुल में ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू ने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों के भीतर देश में जो परिवर्तन आया है। उससे दुनिया में भारत का जो सम्मान बढ़ा है, वह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुए विकास योजनाओं के चलते ही संभव हो सका है।

वीरेंद्र साहू ने कहा कि इसका उद्देश्य है कि कोई भी लाभार्थी छूट न जाए, जिसको हमने लाभ पहुंचाया है वह लाभ उस तक पहुंचे और लाभ पहुंचने में कोई कठिनाई नहीं आए, इसलिए सरकार उसके द्वार, सरकार उसकी पंचायत, सरकार उसके निगम में, सरकार उसके ग्राम वार्ड में, पहुंचकर उसको याद कराए कि यह सुविधा तुमको मिलनी है और तुम इससे वंचित न रह जाओ इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है।

**विकसित भारत की ओर हमें चलना है-** पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री का नजरिया बड़ा स्पष्ट है कि अगर विकसित भारत की ओर हमें चलना है तो हमारे गांव आबाद होने चाहिए, विकसित होने चाहिए। हमारे प्रदेश में कोई गरीब नहीं रहना चाहिए। हमारे देश प्रदेश में युवा अग्रसर हो आगे बढ़े इसकी हमें चिंता करनी चाहिए, हमारे देश में महिलाओं का सशक्तिकरण हो इसकी चिंता करनी चाहिए, हमारे देश में किसान तीव्र गति से आगे बढ़े इसकी हमको चिंता करनी चाहिए और इसीलिए यह सारी योजनाएं गांव के वंचित भाई बहन, युवा किसान, कोई भी व्यक्ति छूट न जाए इसलिए यह यात्रा महत्वपूर्ण है।



# शासकीय विद्यालय गुण्डरदेही में मना युवा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुण्डरदेही में युवा दिवस मनाया गया। अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही रानू हेमंत सोनकर ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए शुभकामनाएं दी।

अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही सुचित्र हेमंत साहू ने छात्र छात्राओं से अपने विद्यालय जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए अनुशासित होकर अपने लक्ष्य को हासिल करने की प्रेरणा दी। जिला संगठक डाक्टर लीना साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं के एक मंच प्रदान करता है, जिससे युवाओं के व्यक्तित्व और सर्वांगीण विकास में मदद मिलती है और युवा



नियमित दिनचर्या का पालन करते हुए अपने अच्छे भविष्य का निर्माण स्वयं कर सकते हैं। शाला प्रबंधन और विकास समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत प्राचार्य एचएल देवांगन ने स्वयं सेवकों के कार्य की सराहना करते हुए उज्वल भविष्य की हार्दिक बधाई दी। प्राचार्य अजय चौधरी और प्रधान पाठक संलग्न पूर्व माध्यमिक शाला गुण्डरदेही ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर विचार देते हुए अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। स्वामी विवेकानंद जयंती और स्वयं सेवक सम्मान समारोह में व्याख्याता टीआर चंद्रवाशी, टीएल साहू, ओपी साहू, केके हिरवानी, पांडे, गाइड कैप्टन किरण ठाकुर, बी मांडवी, पीटीआई निर्मलकर, छात्र प्रतिनिधि चंदन, सात दिविसीय शिविर नायक अमित सोनकर, टिकेश्वरी, दीपिका, हर्ष सोनकर, कविता बंजारे सहित सभी ने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोग दिए, सभी स्वयं सेवकों को प्रशस्ति पत्र और मेडल पहना कर उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संजय शुक्ला कार्यक्रम अधिकारी ने किया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविरों में 1702 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड वितरित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित शिविरों में कुल 1702 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड वितरण के अलावा 215 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 68 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 188 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 204 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 23 किसानों का आवेदन लिया गया। इस दौरान 'मेरी-कहानी, मेरी-जुबानी' के अंतर्गत हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ के संबंध में जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम जमरूवा और नर्रा तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम पसौद, परसुली, धनगांव और कसही लो तथा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खपरी, खुरसुनी, खुटेरी खे, कांदुल, लिमोरा, सियनमरा में विकसित भारत संकल्प यात्र का आयोजन किया गया। इसी प्रकार गुरूर विकासखण्ड के ग्राम कुलिया औश्र भेजामैदानी तथा डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम सल्हाईटोला और कामता में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर हितग्राहियों को केंद्र सरकार के जन कल्याणकारी योजना के अंतर्गत विभिन्न सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इसके अलावा शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयॉ भी वितरित की गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के अलावा जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में हितग्राहियों को केन्द्र सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के अलावा उन्हें इन योजनाओं से होने वाले लाभ के संबंध में भी जानकारी दी गई।


### शपथ-पत्र

मैं शपथकर्ता गणेश राम पात्रे उम्र करीब 56 वर्ष पिता श्री गोविंद दास पात्रे निवासी ग्राम-व, पो.- नांदघाट, थाना-नांदघाट तहसील- नांदघाट, जिला- बेमेतरा (छ.ग.) का निवासी हूँ जो कि निम्नानुसार शपथपूर्वक कथन प्रस्तुत करता हूँ कि :-

01. यह कि मैं शपथकर्ता उपरोक्त नाम ग्राम व पते की स्थायी निवासी हूँ।

02. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 7911 3992 9532 में मेरा नाम गणेश राम पात्रे पिता गोविंद पात्रे अंकित है, जो सत्य व सही है।

03. यह कि इस तरह मेरा नाम गणेश राम पिता गोविंद दास मेरा चालू व घरेलू नाम है, जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम गणेश राम पात्रे पिता गोविंद दास पात्रे दर्ज है इस तरह से मुझे दोनों नाम से जाना व पहचाना जाता है तथा दोनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम है जिसके समर्थन में यह शपथ-पत्र सादर प्रस्तुत हैं।

04. यह कि शपथपत्र मुझे पब्लिक नोटरी महोदय जिला बेमेतरा के समक्ष प्रस्तुत करने की आवश्यकता है।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता गणेश राम पात्रे उम्र करीब 56 वर्ष पिता श्री गोविंद दास पात्रे निवासी ग्राम-व पो.- नांदघाट, थाना-नांदघाट, तहसील- नांदघाट, जिला बेमेतरा (छ.ग.) सत्यापित करती हूं कि ऊपर वर्णित कंडिका क्र. 01 से 04 तक मेरी जानकारी सत्य व सही हैं, जिसे लिखाकर पढ़कर, सुनकर, समझकर आज दिनांक 12.01.2024 को मुकाम नांदघाट में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

गणेश राम
शपथकर्ता

### शपथ-पत्र

मैं शपथकर्ता राजू राम पात्रे उम्र करीब 36 वर्ष पिता श्री गणेश राम पात्रे निवासी ग्राम-व, पो.- नांदघाट, थाना- नांदघाट तहसील - नांदघाट, जिला बेमेतरा (छ.ग.) का निवासी हूँ जो कि निम्नानुसार शपथपूर्वक कथन प्रस्तुत करता हूँ कि :-

01 यह कि मैं शपथकर्ता उपरोक्त नाम ग्राम व पते की स्थायी निवासी हूँ ।

02. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 5752 0705 9460 में मेरा नाम राजू राम पात्रे पिता गणेश राम पात्रे अंकित है, जो सत्य व सही है।.

03. यह कि मेरे अंकसूची में मेरा नाम राजू राम पिता गणेश राम दर्ज है, जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम राजू राम पात्रे पिता गणेश राम पात्रे दर्ज है इस तरह से मुझे दोनों नाम से जाना व पहचाना जाता है तथा दोनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम है जिसके समर्थन में यह शपथ-पत्र सादर प्रस्तुत हैं।

04. यह कि शपथपत्र मुझे पब्लिक नोटरी महोदय जिला बेमेतरा के समक्ष प्रस्तुत करने की आवश्यकता है।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता राजू राम पात्रे उम्र करीब 36 वर्ष पिता श्री गणेश राम पात्रे निवासी ग्राम-व, पो.- नांदघाट, थाना- नांदघाट तहसील - नांदघाट जिला बेमेतरा (छ.ग.) सत्यापित करती हूं कि ऊपर वर्णित कंडिका क्र. 01 से 04 तक मेरी जानकारी सत्य व सही है, जिसे लिखाकर पढ़कर सुनकर, समझकर आज दिनांक 12.01.2024 को मुकाम नांदघाट में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

शपथकर्ता


# विद्यार्थियों ने ली नशे से दूर रहने की शपथ

**शासकीय विद्यालय किल्लेकोड़ा में तंबाकू निषेध दिवस का किया गया आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा




शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल किल्लेकोड़ा में तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्य अजय मुखर्जी के संरक्षण में तथा सीजी पटेल व्याख्याता के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर श्री पटेल ने कहा कि आज की तारीख में बहुतायत पैमाने पर हमारे युवा पीढ़ी नशा का सेवन करने लगे हैं। उनमें से एक नशा तंबाकू का है, अतः हमें उनसे बचने का प्रयास करना चाहिए। वाय. एस. मरकाम वरिष्ठ व्याख्याता ने कहा कि तंबाकू का सेवन भयावह बीमारी को आमंत्रित करता है। अतः उससे दूरी बनाए रखना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए व्याख्याता डा.बीएल साहसी ने कहा कि तम्बाकू सेवन करने वालों को अधिकांशतः कैंसर की बीमारी होती है, जो पूरे जीवन काल को समाप्त कर देता है। इसलिए हमें अपने परिवार, ग्राम, व समाज को जागृत करने की महती आवश्यकता है। ऐसे गंभीर बीमारी से हमें दूरी बनाए रखना नितांत आवश्यक है। प्राचार्य ने कहा कि तंबाकू का सेवन करने वालों को सावधान हो जाना चाहिए कि, इससे जो गंभीर बीमारी होती है वह हमारे परिवार, समाज सभी को प्रभावित करने के साथ-साथ भयावह स्थिति पैदा कर देती है। अतः हम सबको इस नशा के प्रति मिलजुल कर लोगों को समझाने और जागृत करने के लिए एक अभियान चलाने की आवश्यकता है। उसके बाद व्याख्याता श्री पटेल ने छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। आभार प्रदर्शन जी. पटेल व्याख्याता ने किया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित थे जिनमें सर्वप्रथम जे.पी. बांधव व्याख्याता, हमेंद्र साहू व्याख्याता, त्रिजला ठाकुर मैडम ,ललित देवहारी ,श्रवण यादव, खगेश ठाकुर तथा कुशल देवदास सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### कलेक्टोरेट में अब प्रत्येक कार्यदिवस पर होगा जनदर्शन

**बालोद।** कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशानुसार अब संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में सप्ताह में प्रत्येक कार्य दिवस में होगा जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा। इससे अब आम जनता सप्ताह में किसी भी दिन संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में अपनी मांगों व समस्याओं को लेकर आवेदन सौंप सकते हैं। कलेक्टर चंद्रवाल ने आदेश जारी कर प्रशासनिक -ष्टिकोण से जनदर्शन कार्य के सुचारू रूप से क्रियान्वयन एवं प्रत्येक कार्य दिवस में जनसामान्य से प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए अधिकारियों की ड्यूटी भी निर्धारित की है। जारी आदेश के अनुसार सोमवार को जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा अनुराग द्विवेदी की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार मंगलवार को संयुक्त कलेक्टर ए.के.लकड़ा, बुधवार को अंत्यावसायी विभाग के कार्यपालन अभियंता सतीश राजपूत, गुरूवार को जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी ए.के.बंजारे और शुक्रवार को उप संचालक पंचायत आकाश सोनी की ड्यूटी लगाई गई है। संयुक्त कलेक्टर ए.के.लकड़ा को लिंक अधिकारी बनाया गया है।


SONALIKA
LEADING AGRI EVOLUTION
AGRO SOLUTIONS
CHALLENGER HEAVY DUTY
ROTARY TILLER
- Challenger rotary tiller offers best in class pulverization and hence optimum seed germination.
- Best in class pulverization & hence optimum Seed germination.
- Ensures excellent cutting and mixing of crop residue.




WORLD'S NO. 1 HEAVY DUTY RANGE
Authorised Dealer
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
- Revision TKR,THR
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
- अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
- विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक

सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : मो. 9406004581
बिलासपुर : मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### चिंगरी में गायत्री यज्ञ जारी

**अंडा।** ग्राम चिंगरी में ग्रामीण व गायत्री परिवार द्वारा गायत्री यज्ञ पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसके तीसरे दिन सुबह 8 से 11 बजे तक यज्ञ में ग्रामीण व गायत्री परिवार मन्त्रोच्चार के साथ जन कल्याण परिवार कल्याण व समाज कल्याण के लिए आहुति दी गई। दोपहर 1 से शाम तक पावन प्रज्ञा पुराणकथा हुआ प्रवचनकर्ता सुरेश दीन व ग्रामीण उपस्थित थे।

### जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प लगेगा 16 को

**बेमेतरा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बेमेतरा कलेक्टोरेट परिसर में 16 जनवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सेफ इंटेलीजेन्ट सिक्यूरिटी सर्विस, कोहका, मेन रोड, सुपेला, भिलाई द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड के 200 पद योग्यता 10वी, ऊंचाई 164 सेमी एवं सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 50 पद योग्यता 10वीं, ऊंचाई 168 सेमी आयु 18-45, वेतनमान 10000 कार्यक्षेत्र मिलाई दुर्ग, रायपुर हेतु भर्ती किया जाना है। जिला रोजगार कार्यालय नियोजक निजी संस्था तथा आवेदक के मध्य एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है तथा यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य हेतु किया जाता है। पद. संस्था, कार्य, वेतन व अन्य पूर्ण जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक या प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। अधिसूचित रिक्त पदों पर रोजगार के अवसर प्राप्त करने हेतु इच्छुक आवेदक रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, एवं समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्र के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा में 16 जनवरी मंगलवार को उपस्थित हो सकते हैं।

### युवा दिवस पर स्वयंसेवक कल्पना ने किया रक्तदान

**दल्लीराजहरा।** युवा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना दल्लीराजहरा की स्वयंसेवक कल्पना बम्बोड़े ने 5वीं बार स्वैच्छिक रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि 12 जनवरी को युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयन्ती मनाई जाती है। आज के दिन को भारत में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद ने युवा जगत को नहीं राह दिखाई जिसका भारतीय जनमानस पर बेहतरीन प्रभाव हुआ और आगे भी युगों युगों तक इसका प्रभाव रहेगा।

## निधन

### तिजिया बाई साहू



**अंडा।** ग्राम रिसामा निवासी फगवां राम साहू की पत्नी पूर्व जनपद सदस्य तिजिया बाई साहू उम्र 75 वर्ष का 14 जनवरी को निधन हो गया। वे डा पिलेश्वर साहू की माता जी थीं। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया।

# शिशु वाटिका में बच्चों के साथ माताओं ने भी किया प्रतिभा का प्रदर्शन, जीते पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में शिशु नगरी कार्यक्रम के अंतर्गत शिशु वाटिका के तहत कक्षा अरुण, उदय, प्रथम एवं द्वितीय तक की छात्र-छात्राओं एवं माताओं ने विविध प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजयी माताओं एवं बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्पर्धा में भागीदार रहे अन्य माताओं को सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। माताओं ने रंगोली, मेंहदी, कुसएँ दौड़, फुग्गा फुलाओ प्रतियोगिताओं में जमकर उत्साह का प्रदर्शन किया। वहीं, बच्चों ने पांचों इंद्रिय विकास कक्षाशरू, सामूहिक नृत्य, मेढ़क व जलेबी तथा 50 मीटर दौड़, बास्केट बाल, फुगड़ी, चम्मच दौड़ आदि में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतिभाशाली माताओं एवं बच्चों ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के दुर्ग जिला संघ चालक गंगाधर राव जाधव के हाथों सम्मान प्राप्त किया। इस अवसर विद्यार्थियों ने व्यंजन मेला का आयोजन किया। कक्षा अरुण उदय प्रथम द्वितीय के बच्चों ने समूह नृत्य की प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मातृशक्ति ललिता बंजारे ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिशु वाटिका के सारे आयाम महती भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ साथ माताओं के लिए विविध खेल स्पर्धाओं का आयोजन एक पारिवारिक वातावरण तैयार करता है। कार्यक्रम को डामिन सिन्हा, राधिका चंद्राकर ने भी संबोधित किया। मातृशक्ति में कुर्सी दौड़ में ललिता बंजारे, मेंहदी में भावना साहू, फूग्गा स्पर्धा में ललिता बंजारे तथा अरुण उदय प्रथम एवं द्वितीय के प्रतिभाशाली बच्चों ने विविध खेलों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर सम्मानित किए गए। संचालन कक्षा द्वादश की छात्राओं ने किया।

### सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर में हुआ कार्यक्रम





#### माताओं ने अटल टिंकरिंग लैब में ली जानकारी

लेब प्रभारी पवन बंछोर ने माताओं को बताया कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच जागृत करने के लिए केंद्र सरकार नीति आयोग ने यह सुविधा उपलब्ध कराया है जो गिने चुने स्कूलों में ही उपलब्ध है। उर्वशी साहू, सुमन बंछोर, पद्मनी श्रीवास्तव, रेणुका धरम गुड़ी, हेमलता मार्कण्डेय, डामीन सिन्हा, गूंजा चंद्राकर, मीना साहू, पूर्णिमा श्रीवास, पूजा मंडावी, भावना साहू, गोदावरी ठाकुर, ललिता बंजारे सहित अनेक माताओं ने लैब में जाकर जानकारी प्राप्त की।

## शोभायात्रा : ग्राम मोहारा में गायत्री प्रज्ञा पीठ व विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने निकाली शोभायात्रा

# अयोध्या से पहुंचा अक्षत भेंटकर घर-घर दिया जा रहा कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण







हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम मोहारा में गायत्री प्रज्ञा पीठ एवं विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों द्वारा राम जन्मभूमि अयोध्या धाम से पहुंचे अक्षत कलश की शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा गायत्री प्रज्ञा पीठ मंदिर से होकर पुराना बस्ती आजाद पारा स्कूल पारा होते हुए निकाली गई। शोभायात्रा में गांव की माताएं अक्षत कलश को धारण कर बड़ी ही उमंग के साथ शामिल हुईं।

यात्रा के दौरान अयोध्या से जो अक्षत और आमंत्रण कार्ड आए थे, उन्हें कार्यकर्ताओं ने घर–घर पहुंच कर आमंत्रण दिया। इसके साथ ही सभी से निवेदन किया गया कि 22 जनवरी को रामलला भगवान की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम अयोध्या में होना है, इसके उपलक्ष्य में आप अपने घर में 11–11 दीए अवश्य जलाएं और फिर से दीपावली मनाएं। इस अवसर पर सरपंच दीपधा, सांसद प्रतिनिधि डॉक्टर हरिकृष्ण गंजीर, पूर्व जनपद सदस्य रुखमती गंजिर, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष केशव रामधनकर, बूथ अध्यक्ष मुकेश सार्वा और तुलाराम सार्वा, महेश सिन्हा, धर्मेंद्र तेलियासी, मोकम साहू, जोहनी साहू, सरोज सिन्हा, सविता साहू, तोरण साहू, सोनिया साहू, राजकुमारी गंजीर एवं गायत्री परिवार के एवं मोहारा के माताएं इस कार्यक्रम में भाग लिया।



### दरगहन में अक्षत कलश के साथ निकाली शोभायात्रा

**गुरूर।** ग्राम दरगहन में आयोध्या से पहुंचे अक्षत कलश की बाजे गाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान ग्रामीणों ने घर-घर से पूजा अर्चना कर आयोजित शोभायात्रा में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। महिलाओं व बच्चों के साथ पुरूषों ने भजन कीर्तन करते हुए ग्राम का भ्रमण किया। इससे ग्राम का माहौल भक्तिमय हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि आगामी दिनों में वे ग्राम के प्रत्येक मंदिर की साफ साफाई में लग जाएंगे तथा मंदिर की सफाई के साथ उसके आस पास की सफाई भी करेंगे। उसके बाद 22 जनवरी को आयोध्या में प्रभुराम के विराजमान होने पर दीपावली जैसे प्रत्येक घर को दीपक से सजाया जाएगा। शोभायात्रा में उमाशंकर साहू, जीतू साहू, मुरली साहू, मिलन चन्द्रवंशी, ममला साहू, किरण साहू, शांति व सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का घर-घर दिया जा रहा आमंत्रण

**बालोद।** जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 7 जवाहर पारा में रानी मनोज गौर और सभी हिंदू सनातनी महिलाओं द्वारा राम जन्मभूमि से आए अक्षत से सभी हिंदू सनातनियों को आमंत्रित किया जा रहा है। अक्षत और अयोध्या में बने मंदिर का फोटो देकर सभी को आमंत्रित किया जा रहा है।



### खरथुली में हुई राष्ट्र जागरण 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति



**डौंडीलोहारा।** मानस नगर खरथुली में विजन 2026 को साकार करने के लिए नारी सशक्तिकरण एवं राष्ट्र जागरण 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन और गरिमामय वातावरण में हुई। यज्ञ में ग्राम के एवं विकासखंड डौंडी लोहारा के रेंघई, बनगांव ,दूधली, जोगीभाठ ,नारगी , डारागांव, पसौद , हड़गहन ,मडियाकट्टा, मुंडाटोला , सिरपुर, कोरगुड़ा, अंडी आदि गांव के लोग सम्मिलित होकर राष्ट्र को जीवंत एवं जागृत करने तथा मनुष्य में देवत्व के विकास और आसुरी शक्तियों का उन्मूलन कर 21वीं सदी उज्जवल भविष्य के लिए यज्ञ में श्रद्धा भक्ति पूर्वक आहुति प्रदान की। यज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर श्रेष्ठ संतति का आह्वान कर ग्यारह गर्भवती माताओं का पुंसवन संस्कार किया गया। पांच भाई बहनों ने अपनी जीवन की प्रचलित पशुवत ढर्रे को त्याग कर अपने व्यक्तित्व विकास के लिए दीक्षा संस्कार ग्रहण किया। उन्होंने अपनी एक-एक बुराई को त्याग कर समाज के लिए उपासना ,साधना, आराधना, अंशदान ,समयदान और भिक्षाचरण का संकल्प लिया। शांतिकुंज के प्रतिनिधि आचार्य ने बताया कि गायत्री शक्ति प्राणों का विकास कर सद्बुद्धि प्रदान करती है। जब मानव में सद्बुद्धि का जागरण होता है, तो वह श्रेष्ठ कार्य करता है। जीवन में अनुशासन का पालन करता है। यही सद्कार्य यज्ञ कहलाता है। प्राणी मात्र के कल्याण के लिए जीवन में सद्बुद्धि रूपी गायत्री और सत्कर्म रूपी यज्ञ अति आवश्यक है।

# नगरीय व पंचायती क्षेत्र में कांग्रेस का बहुमत, फिर भी बदल गई सत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश में कांग्रेस की सरकार के जाते ही सबसे ज्यादा असर बेमेतरा जिले में दिखाई नजर आ रहा था। कांग्रेस के बहुमत वाली संस्था से भी अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से हट रहे हैं। इससे प्रतीत हो रहा है कि

वर्तमान में कांग्रेस की स्थिति जिले में खराब दौर से गुजर रही है। राजनैतिक हलकों में चर्चा का विषय है कि कांग्रेस को सत्ता गंवाए दो माह भी बीता नहीं है, एक जनपद पंचायत बेमेतरा तथा दो नगर पंचायत नवागढ़ ओर मारो में आखिर पूर्ण बहुमत के बावजूद अविश्वास प्रस्ताव पारित हो जाने से

- **प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के साथ ही शुरू हो गया फेरबदल**

कांग्रेस संगठन पर उंगली उठने लगी है। इस पर पुराने व निष्ठावान कांग्रेस सदस्यों का कहना है कि,नेताओं के हिसाब से संगठन की कमान देना पार्टी के लिए नुकसानदायक साबित हो रहा है। अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए यह भी कह रहे हैं कि संगठन पर अंकुश नहीं है। उन्होंने कहा कि पंचायती संस्थाओं में बहुमत के बावजूद अविश्वास प्रस्ताव पारित होना संगठन की नाकामयाबी को साबित कर रहा है। इसके लिए दोषी किस ठहराएंगे यह तो फिलहाल आने वाले समय में पता चलेगा लेकिन यह तय हो गई है कि बेमेतरा संगठन सत्ता के साथ कांग्रेस का संगठन भी ताश के पत्ते की तरह भरभरा कर गिर रहा है। बहरहाल सत्ता परिवर्तन होने के साथ ही जिले के नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत संस्थानों के अध्यक्ष उपाध्यक्ष को हटने और हटाने का दौर बीते 17 दिनों से चल रहा है।

# चोर गिरफ्तार, जेवर-नकदी सहित एक लाख का सामान बरामद

**महज 15 घंटे के भीतर पुलिस ने पकड़ा लिया, मोबाइल भी किया गया जब्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

चोरी के मामले पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट दर्ज करने के महज 15 घंटे के भीतर आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी घर में घुसकर सोना चांदी के आभूषणों को चोरी करने की घटना को अंजाम दिया था।

दरअसल शनिवार को प्रार्थी सुंदर सिंह उम्र 35 साल निवासी वार्ड नंबर 4 गोकुलधाम साजा थाना साजा के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया की दोपहर में इसके घर से अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात, नकद तथा किचन में रखे चावल एवं चार्जिंग में लगे मोबाइल फोन को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। पुलिस ने धारा 454, 380 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पतासाजी के दौरान संदेह पर आरोपी खोमलाल



नेताम पिता चुन्नू राम नेताम उम्र 25 साल निवासी गाड़ाभाठा थाना साजा जिला बेमेतरा को हिरासत में लेकर को उक्त घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी गए सोने चांदी के आभूषण 1 नग सोने का मंगल सूत्र, एक जोड़ी चांदी की पायल, एक चांदी सिक्का एवं अन्य चांदी का सामान कुल कीमती करीबन 76,500 रुपए, मोबाइल कीमत 2 000 रुपए, नगदी रकम 800 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल कीमत 30 हजार सहित कुल जुमला कीमत 1,09,300 रुपए को बरामद किया गया।

**इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका-** उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी साजा उप निरीक्षक राजकुमार साहू, सउनि भलेतिनुस पन्ना, प्रधान आरक्षक येमन बघेल,डामेश्वर राजपूत, आरक्षक सौरभ सिंह, पीयुष सिंह, इंदरमन निषाद, जयकिशन साहू, गोलू पटेल, रोशन वर्मा एवं अन्य थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## विधायक अनिला भेड़िया ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

# पुनारकसा में शुरू हुई मानसगान प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ग्राम पुनारकसा में दो दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अनिला भेड़िया ने किया। उक्त अवसर पर अनिला भेड़िया ने कहा कि रामायण एक आध्यात्मिक ग्रंथ ही नहीं, बल्कि जीवन में इसके चरित्र को अपनाने का विषय है। उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर अत्याचार हुआ, तब-तब भगवान को भी अवतार लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि चाहे सतयुग हो द्वापर हो या त्रेता युग हो सभी युगों में शत्रुओं का नाश करने



का कारण नारी ही बनी। त्रेता में भी रावण का वध करने सीता का रूप धारण कर, द्वापर में महाभारत में द्रोपदी का रुप धारण कर सतयुग में भस्मासुर को मारने के स्वयं विष्णु भगवान को नारी का रूप धारण करना पड़ा। उन्होंने कहा कि हमारी माताएं निश्चित ही अब अपने अधिकार और कर्तव्य को निभाते हुए देश प्रदेश तहसील गांव घर सभी में अपनी भूमिकाओं से विकास की ओर आगे बढ़ रही हैं। शास्त्र का कहना है कि निश्चित ही नारी संस्कार की जननी है जिस घर में दुख कलह हो रहे हैं, निश्चित ही मानकर चलो कि वहां नारी का अपमान हो रहा है। आज हम सबको रामायण की प्रासंगिकता को जीवन में उतारने का समय आ गया है हमें हमारे संस्कार को बनाए रखने के लिए ऐसी प्रतियोगिताओं का होना निश्चित ही प्रशंसनीय है। कार्यक्रम में विधायक के साथ पूर्व आईजी आरएल नायक एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोपाल प्रजापति, माधुरी नायक, गणेश राम रात्रे, पूर्व सरपंच सलामे एवं वर्तमान सरपंच उभय नायक तथा भवरमरा ग्राम प्रमुख खरे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

